## दिनांक 19.02.2021 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप की अध्यक्षता में आई0टी0 कोषांग से संबंधित कार्यो की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आई0टी0 कोषांग द्वारा सम्पादित किये जा रहे कार्यो के संबंध में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में निम्नवत् समीक्षा की गयी –

1. **मानचित्रों के डोर स्टेप डिलेवरी से संबंधित –**

मानचित्रों के डोर स्टेप डिलेवरी के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि आई0टी0 कोषांग से संबंधित दिनांक 06.01.2021 को आयोजित आई0टी0 कोषांग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में दिये गए निदेश के अनुरूप सॉफ्टवेयर एवं आवश्यक रिपार्टिंग फॉर्मेट को भी तैयार कर लिया गया है। उक्त सॉफ्टवेयर में Map Alignment एवं Final Testing का कार्य किया जाना शेष है। आई0टी0 प्रभारी द्वारा बताया गया कि Real Time integrate होने के पश्चात् Real Time Transaction करते हुए Final Testing का कार्य किया जा सकेगा। उक्त के पूर्व पोस्टल डिपार्टमेंट से एग्रीमेंट होने के पश्चात् शीघ्र ही सॉफ्टवेयर में मानचित्रों के प्रिन्ट से संबंधित आवश्यक मॉड्यूल को जोड़ा जायेगा।

2. **बेल्ट्रॉन से संबंधित**

(क) उक्त के संबंध में पृच्छा करने पर आई0टी0 प्रभारी द्वारा जानकारी दी गयी कि बेल्ट्रॉन द्वारा SDC में निदेशालय हेतु आवश्यक Space उपलब्ध करा दिया गया है। विशेष सर्वेक्षण से संबंधित हवाई सर्वक्षण कार्य में संलग्न एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए गए ऑर्थो डाटा को SDC में रखा जाना प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त के संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि संबंधित कर्मी का दायित्व होगा कि प्रतिदिन उक्त के संबंध में जो आवश्यक कार्रवाई होगी वो करेंगे। ऑर्थो डाटा को संधारित करने के पश्चात् मैप डिजिटाईजेशन से संबंधित डाटा को SDC में संधारित किया जाएगा।

(ख) SECLAN से संबंधित अतिरिक्त प्वाइंट (Wired and Wireless) के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि इस संबंध में निदेशालय स्तर से पत्र भेज दिया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा आई0टी0 प्रभारी को निदेश दिया गया कि बेल्ट्रॉन से सम्पर्क कर इस कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाय एवं उक्त के संबंध में एक स्मार पत्र भी प्रेषित किया जाय।

(ग) बैठक में उपस्थित प्रोग्रामर/आई0टी0 प्रभारी द्वारा बताया गया कि SECLAN के माध्यम से उपलब्ध कराये गए इन्टरनेट हमेंशा कुछ अन्तराल पर Discontiune हो जाता है, जिससे कार्य में काफी असुविधा हो रही है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि बेल्ट्रॉन को इस संबंध में पत्र के माध्यम से सुचित करते हुए इस समस्या का समाधान किया जाय।

(घ) SDC से जितने सॉफ्टवेयर निदेशालय स्तर से पोर्टल पर चल रहे है का समय–समय पर बैकअप लेने का सुझाव दिया गया। उक्त कार्य को सम्पादित करने हेतु इस्तेमाल किये जानेवाले कम्प्यूटरों के Configuration को बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए आई0टी0 प्रभारी द्वारा आवश्यक अधियाचना दी जा चुकी है। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशालय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई शीघ्र करने का निदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि निदेशालय में आई0टी0 कोषांग से संबंधित सारे कार्य अतिमहत्वपूर्ण है।

3. Anti-Virus Software से संबंधित

आई0टी0 प्रभारी द्वारा बताया गया कि निदेशालय के कुछ कम्प्यूटरों में installed Antivirus Software Expired हो चुके हैं एवं कुछ कम्प्यूटरों में लगभग एक माह में Expire होने वाले है। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि निदेशालय के सारे कम्प्यूटरों में Antivirus Software update रखा जाय एवं साथ ही सारे कम्प्यूटरों का Log भी Maintain किया जाय जिसमें यह भी उल्लेख हो कि Antivirus Software कब Insalled किया गया है एवं कब Expire होने वाला है।

4. सॉफ्टवेयरों से संबंधित

निदेशालय अन्तर्गत विशेष सर्वेक्षण एवं अन्य कार्यों से संबंधित विभिन्न सॉफ्टवेयर संचालित है जिसके संबंध में निम्नवत समीक्षा की गयी :–

(i) R2R Software से संबंधित

(a) इस सॉफ्टवेयर के संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रोग्रामर को एक Writeup/Reporting तैयार करने का निदेश दिया गया ताकि इसे Digital India Award हेतु भेजा जा सके। पहले की कार्यपद्धति, किस तरह वर्त्तमान सॉफ्टवेयर में पुरानी कार्यपद्धति को Shift किया गया, उक्त हेतु क्या–क्या Concept adopt किया गया आदि का उल्लेख करते हुए Writeup/Reporting को तैयार किया जाय।

(b) उक्त के अतिरिक्त आई0टी0 प्रभारी को निदेश दिया गया कि एक संक्षिप्त Writeup भी तैयार किया जाय जिसमें कोविड–19 के कारण Lockdown period में निदेशालय स्तर से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए किस प्रकार नियोजन संबंधी कार्रवाई के साथ–साथ ऑनलाईन ट्रेनिंग एवं अन्य कार्यो को सफलतापूर्वक सम्पादित किया गया।

(c) नवनियोजित संविदा कर्मियों के त्यागपत्र संबंधी Module के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि इसे तैयार कर लिया गया है एवं शीघ्र ही सॉफ्टवेयर में implement कर दिया जायेगा।

(d) सॉफ्टवेयर में संधारित विशेष सर्वेक्षण कार्य हेतु नवनियुक्त संविदा कर्मियों के जिला स्तर पर अद्यतन किये जाने वाले डाटा यथा EPF/ Bank Account Detail, Mobile No या अन्य Option जो Allow की जानी है के संबंध में सॉफ्टवेयर में implement करने का निदेश दिया गया।

(e) सॉफ्टवेयर में update option के संबंध में शिविर डाटा यथा – मौजा को जोड़ना, हटना, मौजा का नाम एवं RT No. को भी अपडेट करने का प्रावधान OTP based के साथ जिलों को देनी है। इस facility को भी सॉफ्टवेयर में implement करने का निदेश दिया गया।

(f) Dynamic Visualization of employee details के संबंध में निदेश दिया गया कि R2R सॉफ्टवेयर में यह प्रावधान किया जाय की डैशबोर्ड पर ही महत्वपूर्ण आवश्यक जानकारी प्राप्त कि जा सके।

(g) R2R सॉफ्टवेयर में स्कैनिंग के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि स्कैनिंग का प्रावधान कर दिया गया है। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि निदेशालय में संधारित प्रत्येक नवनियोजित संविदा कर्मियों के तीनों फोल्डरों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड करने की कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ की जाय।

(h) R2R सॉफ्टवेयर का complete operating manual तैयार करने निदेश आई0टी0 प्रभारी को दिया गया।

(i) पूर्व की बैठक में दिये गए निदेश जिसमें बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग के सभी कर्मियों को भी R2R सॉफ्टवेयर में सम्मिलित करने का प्रावधान अलग कार्यालय के रूप में किया जाना था संबंधी कार्य को स्थापना शाखा से आवश्यक विमर्श कर शीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

(j) एन0आई0सी0, पटना द्वारा संविदा कर्मियों के Recruitment हेतु बनाये गए मॉड्यूल के आधार पर R2R सॉफ्टवेयर में भविष्य में होने वाली नियुक्ति हेतु Recruitment Module जोड़ने का निदेश दिया गया।

(ii) **<u>भू–मानचित्र सॉफ्टवेयर से संबंधित :–</u>**

(क) अधोहस्ताक्षरी को जानकारी दी गयी कि भू–मानचित्र सॉफ्टवेयर वर्त्तमान में एन0आई0सी0 के लोकल सर्वर पर चल रहा है। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि वैसे सारे निदेशालय अन्तर्गत सॉफ्टवेयर जो लोकल सर्वर पर है को निदेशालय के आवंटित सर्वर पर ट्रान्सफर किया जाय।

(ख) भू–मानचित्र सॉफ्टवेयर में Search option में राजस्व थाना नम्बर को भी जोड़ने का प्रावधान करने का निदेश दिया गया। इस हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

(iii) **<u>GCN (Ground Control Network) Software से संबंधित :–</u>**

इस सॉफ्टवेयर के संबंध में पृच्छा करने पर जी0आई0एस0 सलाहकार द्वारा बताया गया कि यह Software implement करने योग्य है। इसपर अधोहस्ताक्षरी द्वारा जी0आई0एस0 सलाहकार को निदेश दिया गया कि इस सॉफ्टवेयर में इन्ट्री किये गए डाटा हेतु Reporting Section के आवश्यक फॉर्मेट को तैयार किया जाय। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से जो डाटा Collection किये जा रहे हैं उसका representation भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में किये जाने के संबंध में आवश्यक मंतव्य उपलब्ध कराने का भी निदेश जी0आई0एस0 सलाहकार को दिया गया। यदि इस सॉफ्टवेयर में किसी भी प्रकार का संशोधन की आवश्यकता हो तो उससे संबंधित भी लिखित प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

उक्त के अतिरिक्त जी0आई0एस0 सलाहकार को आवंटित किये गए निम्न कार्य का निष्पादन शीघ्र करने का निदेश दिया गया –

(क) GIS Entry से संबंधित चेकलिस्ट तैयार करना,

(ख) Entry के लिए Guideline

(ग) Course Material तैयार करना (01 day एवं अमीन हेतु 3 day)

(घ) जिला स्तर पर अनुश्रवण हेतु Module तैयार करना

(ङ) एरियल एजेंसी के डाटा को चेक करने हेतु निदेशालय स्तर पर एक Structure तैयार करना।

(iv) **भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर से संबंधित :–**

भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर अन्तर्गत प्रपत्र–6 के इन्ट्री के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि उक्त से संबंधित पत्र जिलों को उपलब्ध करा दिया गया है जिसमें प्रपत्र–6 में इन्ट्री करने के संबंध में आवश्यक निदेश है।

(v) **भू–नक्शा सॉफ्टवेयर से संबंधित :–**

भू–नक्शा सॉफ्टवेयर के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि यह ठीक ढ़ंग से कार्य नहीं कर रहा है। इस संबंध में पत्र/ई–मेल के माध्यम से एन0आई0सी0 को सूचित किया जाय एवं ठीक करने का निदेश दिया जाय। यदि कोई महत्वपूर्ण कार्य एन0आई0सी0 या अन्य स्तर से लम्बित हो तो शीघ्र ही संबंधित को लिखित रूप से सूचित किया जाय ताकि इसका समाधान ससमय हो सके। यदि इस प्रकार की कोई सूचना ई–मेल के माध्यम से संबंधित को दी गयी हो तो इसकी प्रति संचिका में भी संधारित कर आई0टी0 कोषांग के प्रभारी द्वारा अवलोकन आवश्य की करा लिया जाय।

(vi) **निदेशालय के वेबसाइट से संबंधित –**

(क) अधोहस्ताक्षरी द्वारा बताया गया कि वेबसाइट के अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि कुछ स्थानान्तरण/पोस्टिंग संबंधी आदेश वेबसाइट के ट्रान्सफर टैब/सेक्शन पर अपलोड न करते हुए अन्यत्र नोटिस टैब/सेक्शन पर कर दिया गया है एवं अपलोड किये गए कुछ पत्रों के Date Format में भी गड़बड़ी पायी गयी जो संबंधित प्रोग्रामर द्वारा की गयी लापरवाही को दर्शाता है। इस संबंध में पृच्छा करने पर संबंधित प्रोग्रामर द्वारा बताया गया कि संबंधित सहायक श्री राकेश आर्य द्वारा स्थानान्तरण/पोस्टिंग संबंधी आदेश नोटिस टैब/सेक्शन पर अपलोड करने का निदेश दिया गया था जिसके आलोक में उनके द्वारा यह कार्रवाई की गयी। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा संबंधित सहायक से स्थिति स्पष्ट करने का निदेश दिया गया। जो पत्र जिस टैब/सेक्शन से संबंधित हो उसे उसी टैब/सेक्शन में अपलोड किया जाना सुनिश्चित किया जाय। भविष्य में उक्त की गयी लापरवाही की पुनरावृति नही हो। अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट को अद्यतन रखने का निदेश दिया गया।

(ख) निदेशालय के वेबसाइट हेतु मिडिया सेक्शन के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि इसे तैयार कर लिया गया है एवं शीघ्र ही अपलोड कर दिया जायेगा। उक्त सेक्शन में सर्वेक्षण से संबंधित अद्यतन पत्र/पत्रिकाओं/समाचार–पत्रों में छपी जानकारी को Daily Activity के रूप में संधारित करने का निदेश संबंधित प्रोग्रामर को दिया गया।

(ग) निदेशालय के वेबसाइट के संबंध में एक पत्र निर्गत करने का निदेश दिया गया जिसमें वेबसाइट के प्रत्येक खंण्ड का उल्लेख हो ताकि निदेशालय स्तर से निर्गत पत्रों को उसी खण्ड में अपलोड करने हेतु आई0टी0 कोषांग को अवश्य ही उपलब्ध करा दी जाय एवं वेबसाइट को अद्यतन रखा जा सके।

(vii) <u>मानचित्रों का डिजिटाईजेशन</u>

पूर्व में आयोजित बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग को शाहाबाद के 04 जिलों के साथ–साथ मुजफ्फरपुर के मुशहरी अंचल के मानचित्रों के डिजिटाईजेशन का कार्य की गति अत्यन्त ही धीमी होने के संबंध में संबंधित एजेंसी से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया था। उक्त के अनुपालन से संबंधित सूचना निदेशालय को अप्राप्त है। अनुपालन प्रतिवेदन शीघ्र उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

(viii) <u>DILRMP का डाटा इन्ट्री :–</u>

DILRMP के डैशबोर्ड में डाटा इन्ट्री के संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि सर्वप्रथम इन्ट्री किये जाने वाले सभी आईटम की सूची उपलब्ध करायी जाय जिससे प्राथमिकता तय करते हुए उपलब्ध संसाधन के माध्यम से आवश्यक इन्ट्री करायी जा सके।

उक्त के अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 06.01.2021 को आई0टी0 कोषांग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में दिये गए DMS Designing, Social Media में Interaction आदि से संबंधित एवं अन्य निदेश जिसका अनुपालन नहीं हो सका है को शीघ्र पूर्ण करने का निदेश के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक** :–01/स0 आ0 नि0(9) विविध (बैठक) आई0टी0 सेल-07/2021-1086 पटना, दिनांक– 01-03-2021

**प्रतिलिपि** :– उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय गुलजारबाग/सहायक निदेशक/उप सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी/संबंधित पदाधिकारी/कर्मी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**

**ज्ञापांक** :–01/स0 आ0 नि0(9) विविध (बैठक) आई0टी0 सेल-07/2021-1086 पटना, दिनांक–01-03-2021

**प्रतिलिपि** :– प्रभारी, आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं निदेशालय के वेबसाइट पर प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित।

**निदेशक**